**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 43**

**सोमवार, 1 दिसम्बर, 2025/10 अग्रहायण, 1947 (शक)**

## ई-श्रम और प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना के तहत पंजीकरण और नामांकन

**†43. श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:**

**क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) वर्ष 2020 से देश भर में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित श्रमिकों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेषकर कर्नाटक में जिला-वार तथा शिवमोग्गा एवं उडुपी जिलों के लिए तालुक-वार कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2020 से प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पी.एम.एस.वाई.एम.) योजना के अन्तर्गत नामांकित कामगारों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तथा कर्नाटक में जिला-वार तथा शिवमोग्गा एवं उडुपी जिलों के लिए तालुक-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत कुल कामगारों की संख्या कितनी है और कर्नाटक में पीएम-एसवाईएम के तहत पंजीकरण के लिए पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले लेकिन पंजीकृत नहीं किए गए कामगारों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है, जिसमें शिवमोग्गा और उडुपी जिलों के लिए जिला-वार और तालुक-वार शामिल है और इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

**(**क) से (ग): श्रम और रोजगार मंत्रालय ने आधार के साथ जुड़े असंगठित कामगारों (एनडीयूडब्ल्यू) के एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस के निर्माण के लिए 26 अगस्त 2021 को ईश्रम पोर्टल (eshram.gov.in) का शुभारंभ किया। ईश्रम पोर्टल का उद्देश्य असंगठित कामगारों को स्व-घोषणा के आधार पर एक सार्वभौमिक खाता संख्या (यूएएन) प्रदान करके पंजीकरण और समर्थित करना है।

20 नवंबर 2025 तक, कर्नाटक राज्य में ईश्रम पर पंजीकृत 1.09 करोड़ से अधिक असंगठित कामगारों सहित ईश्रम पोर्टल पर 31.36 करोड़ से अधिक असंगठित कामगारों को पहले ही पंजीकृत किया जा चुका है।

ईश्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों की कुल संख्या और पीएम-एसवाईएम के तहत नामांकित पंजीकृत असंगठित कामगारों की कुल संख्या का राज्य-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

कर्नाटक में पीएम-एसवाईएम के तहत नामांकित पंजीकृत असंगठित कामगारों की कुल संख्या के साथ ईश्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों की कुल संख्या का जिले-वार विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

कर्नाटक में शिवमोगा और उडुपी जिलों में पीएम-एसवाईएम के तहत नामांकित पंजीकृत असंगठित कामगारों की कुल संख्या के साथ ईश्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों की कुल संख्या का तालुक-वार विवरण अनुबंध-III और अनुबंध-IV में है।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम) ईश्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के पंजीकरण के लिए एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है। 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के ईश्रम पंजीकरणकर्ता जिनकी मासिक आय 15000/-रूपए या उससे कम है और जो ईपीएफओ/ईएसआईसी/एनपीएस (सरकार द्वारा वित्त पोषित) के सदस्य नहीं हैं प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम) के तहत नामांकन के लिए पात्र हैं।

****

****

**अनुबंध- ।**

**'ई-श्रम और प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना के तहत पंजीकरण और नामांकन' के संबंध में श्री बी.वाई. राघवेन्द्र द्वारा पूछे गए दिनांक 01.12.2025 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 43 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध|**

दिनांक 20.11.2025 तक ईश्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों की कुल संख्या और पीएमएसवाईएम के तहत नामांकित किए गए पंजीकृत असंगठित कामगारों की कुल संख्या का राज्य-वार ब्यौरा:-

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार** | **पंजीकरण की संख्या** | **पीएमएसएवाई के तहत नामांकन** |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 34,939 | 39 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 87,52,634 | 1,628 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2,12,339 | 451 |
| 4 | असम | 77,76,396 | 7,192 |
| 5 | बिहार | 3,20,23,855 | 16,084 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1,89,573 | 62 |
| 7 | छत्तीसगढ | 86,26,817 | 13,586 |
| 8 | दिल्ली | 35,99,752 | 1,524 |
| 9 | गोवा | 86,973 | 66 |
| 10 | गुजरात | 1,22,63,659 | 5,345 |
| 11 | हरियाणा | 54,12,088 | 1,878 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 20,10,709 | 576 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 36,10,221 | 1,037 |
| 14 | झारखंड | 97,82,537 | 3,647 |
| 15 | कर्नाटक | 1,09,76,734 | 77,326 |
| 16 | केरल | 60,90,824 | 713 |
| 17 | लद्दाख | 35,033 | 5 |
| 18 | लक्षद्वीप | 2,858 | 0 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 1,91,12,198 | 8,761 |
| 20 | महाराष्ट्र | 1,81,62,468 | 22,348 |
| 21 | मणिपुर | 4,69,123 | 474 |
| 22 | मेघालय | 3,58,149 | 1,704 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23 | मिजोरम | 72,606 | 500 |
| 24 | नगालैंड | 2,41,979 | 178 |
| 25 | ओडिशा | 1,36,60,622 | 8,994 |
| 26 | पुदुचेरी | 1,97,270 | 6,742 |
| 27 | पंजाब | 59,03,040 | 1,033 |
| 28 | राजस्थान | 1,51,01,835 | 22,511 |
| 29 | सिक्किम | 50,152 | 54 |
| 30 | तमिलनाडु | 94,69,989 | 4,501 |
| 31 | तेलंगाना | 45,97,808 | 1,847 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 75,613 | 54 |
| 33 | त्रिपुरा | 8,99,883 | 2,686 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 8,41,46,087 | 37,197 |
| 35 | उत्तराखंड | 30,99,914 | 1,125 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 2,65,33,128 | 16,409 |
| | **कुल पंजीकरण** | **31,36,39,805** | **2,68,277** |

*****

**अनुबंध- II**

**'ई-श्रम और प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना के तहत पंजीकरण और नामांकन' के संबंध में श्री बी.वाई. राघवेन्द्र द्वारा पूछे गए दिनांक 01.12.2025 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 43 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध|**

दिनांक 20.11.2025 तक की स्थिति के अनुसार, कर्नाटक में ईश्रम पोर्टल पर पंजीकृत कुल असंगठित कामगारों का ज़िलेवार ब्यौरा और पीएम-एसवाईएम के तहत नामांकित किए गए कुल पंजीकृत असंगठित कामगारों का ब्यौरा:

| क्र. सं. | जिले | पंजीकरण की संख्या | पीएमएसएवाई के तहत नामांकन |
|---|---|---|---|
| 1. | बागलकोट | 4,30,879 | 2,819 |
| 2. | बल्लारी | 4,87,536 | 2,685 |
| 3. | बेलगावी | 10,12,791 | 7,318 |
| 4. | बेंगलुरु ग्रामीण | 1,84,599 | 814 |
| 5. | रामनगर | 1,89,847 | 818 |
| 6. | बेंगलुरु शहरी | 5,59,250 | 1,762 |
| 7. | बीदर | 4,10,078 | 3,005 |
| 8. | चामराजनगर | 2,43,456 | 1,235 |
| 9. | चिक्कबल्लपुर | 2,35,030 | 842 |
| 10. | चिक्कामगलुरु | 2,05,463 | 3,017 |
| 11। | चित्रदुर्ग | 3,23,407 | 3,190 |
| 12. | दक्षिण कन्नड़ | 2,54,221 | 994 |
| 13. | दावनगेरे | 3,39,355 | 3,806 |
| 14. | धारवाड़ | 3,88,398 | 5,061 |
| 15. | गडग | 2,07,235 | 778 |
| 16. | हसन | 3,01,234 | 2,347 |
| 17. | हावेरी | 3,86,302 | 1,633 |
| 18. | कलबुर्गी | 6,42,478 | 4,048 |
| 19. | कोडागू | 68,978 | 264 |
| 20. | कोलार | 2,60,945 | 1,145 |
| 21. | कोप्पल | 2,80,449 | 1,104 |
| 22. | मंड्या | 3,27,806 | 4,212 |
| 23. | मैसूर | 5,13,841 | 3,974 |
| 24. | रायचूर | 4,33,151 | 1,149 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25. | शिवमोगा | 3,63,098 | 4,555 |
| 26. | तुमकुरु | 4,24,493 | 3,975 |
| 27. | उडुपी | 2,03,807 | 954 |
| 28. | उत्तर कन्नड़ | 3,12,418 | 3,908 |
| 29. | विजयनगर | 1,14,176 | 1,046 |
| 30. | विजयपुरा | 5,94,679 | 3,895 |
| 31. | यादगीर | 2,77,333 | 973 |
| | **कुल पंजीकरण** | **1,09,76,733** | **77,326** |

**अनुबंध- III**

**'ई-श्रम और प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना के तहत पंजीकरण और नामांकन' के संबंध में श्री बी.वाई. राघवेन्द्र द्वारा पूछे गए दिनांक 01.12.2025 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 43 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध|**

दिनांक 20.11.2025 तक की स्थिति के अनुसार, कर्नाटक के शिमोगा जिले में पीएम-एसवाईएम के तहत पंजीकृत असंगठित कामगारों की कुल संख्या के साथ-साथ ईश्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों का तालुका-वार ब्यौरा:

| क्र. सं. | तालुका | पंजीकरण की संख्या | पीएमएसएवाई के तहत नामांकन |
|---|---|---|---|
| 1. | भद्रावती | 57,689 | 831 |
| 2. | होसनगर | 22,973 | 137 |
| 3. | सागर | 31,043 | 397 |
| 4. | शिकारपुर | 50,464 | 698 |
| 5. | शिवमोगा | 75,830 | 1,153 |
| 6. | सोराब | 44,631 | 614 |
| 7. | तीर्थहल्ली | 25,516 | 286 |

**अनुबंध- IV**

**'ई-श्रम और प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना के तहत पंजीकरण और नामांकन' के संबंध में श्री बी.वाई. राघवेन्द्र द्वारा पूछे गए दिनांक 01.12.2025 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 43 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध|**

दिनांक 20.11.2025 तक की स्थिति के अनुसार, कर्नाटक के उडुपी जिले में पीएम-एसवाईएम के तहत पंजीकृत असंगठित कामगारों की कुल संख्या के साथ-साथ ईश्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों का तालुका-वार ब्यौरा:

| क्र. सं. | तालुका | पंजीकरण की संख्या | पीएमएसएवाई के तहत नामांकन |
|---|---|---|---|
| 1. | बैन्डुरु | 19,085 | 140 |
| 2. | ब्रहमवर | 16,600 | 71 |
| 3. | हेब्री | 5,196 | 95 |
| 4. | कापू | 12,062 | 47 |
| 5. | करकल | 16,485 | 80 |
| 6. | कुन्दपुरा | 41,389 | 191 |
| 7. | उडुपी | 21,198 | 67 |

****